# राजेश्वरी सेवा संस्थान
# कुकरकाट पो0 उमरैन जिला औरैया उ0प्र0

## प्रगति आख्या वर्श 2019–20

राजेश्वरी सेवा संस्थान की स्थापना गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सन् 2007 म स्थानीय ग्राम कुकरकाट में निःशक्त व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोडकर उन्हें पुर्नवासित करने के लिए एवं उत्कृश्ट समाजसेवा की समर्पित भावनाओं वाली महिलाओं एवं पुरूशों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के सर्वांगीण विकास एवं समाज के कल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन करने के उद्‌देश्य से की गई थी। यह संस्थान सोसाइटी अधिनियम 21, 1860 के अन्तर्गत एवं निःशक्त व्यक्ति समान अधिकार समान अवसर पूर्ण भागीदारी 1995 की धारा 52 एवं राष्टोय न्यास की धारा 1999 के अन्तर्गत पंजीकृत अलाभकारी और गैरसरकारी संगठन है। वर्ष के दौरान इस संस्था के कार्यक्रमों का विवरण निम्न हैः–

### 1– विषेश विद्यालयः–

सामाजिक न्याय आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से संस्था द्वारा विशेष विघालय का संचालन किया जा रहा है। **57** जिसमें कुल दिव्यांगजन है जिसमें से **एम0आर0 52, बहुदिव्यांग 04, आर्टिज्म 01** के लिए विषेश शिक्षा प्राप्त शिक्षकों द्वारा शिक्षण–प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उक्त दिव्यांगों को समय–समय पर वाणी चिकित्सक एवं भौतिक चिकित्सक द्वारा वाणी वाचन तथा स्नायु ग्रसित बच्चों की भौतिक एवं व्यवसायिक चिकित्सा करायी जाती है तथा इन्हें दैनिक क्रियाकलाप हेतु शिक्षण– प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### क– सर्वेक्षण आंकलनः–

संस्था द्वारा जनपद औरैया के विकास खण्ड सहार, ऐरवाकटरा एवं भाग्यनगर में विषेश शिक्षक धनेश्वर सिंह यादव एवं रंजना पाल एवं सुशीला चौहान तथा स्पीच थैरिपिस्ट नरेन्द्र कुमार ने M.R., C.P, P.H Daif, LV Blind, M.D., Atuism, Daif, Bland का सर्वे किया तथा उक्त प्रकार के दिव्यांगों को एवं उनके अभिभावकों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं जन मानसिक मंदित दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बन पाये थे। उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय औरैया के निर्देशानुसार मडीकल कालेज कानपुर से बुद्धि परीक्षण कराकर **32 दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने गये** तथा उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही निरामया तथा दिव्यांग पेंशन के आवेदन करवाये गये तथा 18 वर्ष से अधिक के निराश्रित दिव्यांगों को आश्रय घरौंदा केन्द्र में रखा गया।

### ख– अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रमः–

संस्था द्वारा विकास खण्ड ऐरवाकटरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारी डा0 जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आशा, आंगनबाडी कार्यकत्रियों की मौजूदगी में M.R., C.P, Atuism, M.D. Daif Blind के अभिभावकों को एक द्विवसीय प्रि ाक्षण का आयोजन किया। जिसमें उक्त दिव्यांगों की देखरेख, राश्ट्रीय न्यास की योजनाओं निरामया स्वास्थ्य बीमा तथा मानसिक दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवान आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा अस्थि दिव्यांगों को उपकरण हेतु आवेदन प्राप्त किये गये तथा कन्द्र सरकार की मोटर चालित ट्राईसाइकिल के आवेदन करवाये।

### ग– लोकल लेबिल कमेटीः–

राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार द्वारा संस्था को जनपद औरैया तथा कन्नौज का लोकल लेबिल कमेटी का सदस्य बनाया। जिसमें संस्था M.R., C.P, Atuism, M.D. की सहायता के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त करने एवं जागरूकता अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन कर रही तथा लोकल लेविल कमेटी औरैया का खाता जिलाधिकारी महोदय के निर्दे ाानुसार जिला दिव्यांग स ाक्तीकरण अधिकारी के साथ तथा जिलाधिकारी कन्नौज के निर्देशानुसार लोकल लेविल कमेटी का खाता मुख्य विकास अधिकारी कन्नौज के साथ संस्था प्रमुख के संयुक्त रूप से संचालन किया जा रहा है एवं उक्त दिव्यांगों के संरक्षक हेतु आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं।

**घ– जिला विकलांग बन्धुः–**

संस्था के पदाधिकारी जिला दिव्यांग बन्धु के सदस्य हैं, जो वर्श में हर तिमाही माननीय जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद के स्तर पर बैठक की जाती है। जिसमें दिव्यांगों की समस्याओं के निराकरण एवं पुर्नवास हेतु बैठक में वार्ता की जाती है तथा भाासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को जिला दिव्यांग जन स ाक्तीकरण अधिकारी द्वारा जनपद में संचालित करने को प्रेरित किया जाता है।

**ड– विश्व दिव्यांगजन सशक्तीकरण दिवस पर कार्यक्रमः–**

संस्था ने 3 दिसम्बर, 2019 वि व दिव्यांगजन स ाक्तीकरण दिवस के अवसर पर विषेश विद्यालय दिबियापुर के द्वारा M.R., C.P, Atuism, M.D. पर दिव्यांग बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता एवं नृत्य, रंगोली आदि कार्यक्रम किये गए। जिस अवसर पर जिला सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री धनवीर यादव की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, औरैया के वरिश्ठ सहायक महेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कायक्रमों का आयोजन किया गया व **रेलवे पास 15 दिव्यांग बच्चों को वितरित किये।** प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये मेधावियों के साथ संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को पुरूस्कार वितरित किये गये।

**2– घरौंदा योजनाः–**

राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से संस्था ने जनपद औरैया के विकास खण्ड ऐरवाकटरा के ग्राम ऐरवाकटरा में आश्रय घरौंदा केन्द्र के नाम से संचालित है। जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रित, बी0पी0एल0 परिवार के **M.R.-11 , C.P.-02, M.D.-02 के 15** दिव्यांगजनो को आवासीय व्यवस्था में रहकर उक्त बच्चों को व्यवसायिक पशिक्षण, भौतिक/व्यवसायिक चिकित्सा, दैनिक क्रियाकलाप का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**3– अरबी भाषा में एकवर्षीय सर्टीफिकेट कोर्सः–**

संस्था ने राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिशद नई दिल्ली के सहयोग से ग्राम कुकरकाट में अरबी भाशा में एकवर्षीय सर्टीफिकेट कोस को संचालित किया गया। इसमें वर्ष 2019 में 77 छात्र–छात्राओं ने आवेदन किये। उनकी ऑनलाइन पढाई की जा रही है।

**4– उर्दू भाषा में एकवर्षीय डिप्लोमा कोर्सः–**

संस्था ने राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिशद नई दिल्ली के सहयोग से जनपद औरैया के विकास खण्ड ऐरवाकटरा के ग्राम कुकरकाट में उर्दू भाषा में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का आयोजन किया जा

रहा है। जिसमें 76 छात्र–छात्राओं ने आवेदन किया था तथा छात्र–छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है।

**5– पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमः–**

संस्था ने जनपद औरैया के विकास खण्ड ऐरवाकटरा के ग्राम पटना कलां में पूर्व प्रधान उमे ा चन्द्र की अध्यक्षता में जागरूकता गोश्ठी का आयोजन वि व पर्यावरण दिवस पर रैली, वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लाभार्थियों को दो–दो पेड वितरित किये गये। इस अवसर पर 45 पुरूश, 35 महिलायें, 80 छात्र–छात्रायें उपस्थित रहीं।

**6– महिला जागरूकता सेमिनारः–**

संस्था ने औरैया जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दिबियापुर में एक दिवसीय महिला जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता चिकित्साधिकारी श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में जननी सुरक्षा, प्रसव आदि मुद्दों पर कानूनी जानकारी दी गई। जिसमें संस्था उपाध्यक्ष डा0 रामआसरे सिंह ने उपस्थित सभी महिलाओं को दहेज हत्या समेत अन्य कानूनी जानकारी दी एवं आव यकता पडने पर 1090 नम्बर की उपयोगिता पर बल दिया।

**7– सार्वजनिक पुस्तकालयः–**

संस्था ने विकास खण्ड ऐरवाकटरा की ग्राम कुकरकाट मे सार्वजनिक पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 35 पुरूश, 27 महिलायें तथा 145 छात्र एवं छात्रायें प्रतिदिन पुस्तकों का पढने एवं पाठ्य अध्ययन करते हैं तथा पुस्तकें पढने हेतु यहाँ पुस्तकें घर पर ले जाते हैं तथा पढकर वापस कर देते हैं।

**8– सांस्कृतिक कार्यक्रमः–**

संस्था द्वारा जनपद औरैया के विकास खण्ड सहार के गायत्री इण्टर कालेज असैनी में ब्लाक प्रमुख भयाम बाबू की अध्यक्षता में पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 65 पुरूश, 57 महिलायें व 162 छात्र–छात्रायें उपस्थित रहीं।

**9– व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमः–**

संस्था ने जनपद औरैया के विकास खण्ड ऐरवाकटरा में बीपीएल परिवार की गरीब 42, 18 से 35 वर्ष की महिलाओं को कॉस्मैटिक, टैक्सटाइल, पेपर क्राप्ट, सिलाई, कढाई तथा 17 निर्धन दिव्यांग व्यक्तियों को सिलाई, कढाई आदि में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किये गए।

**10– खेलकूद कार्यक्रमः–**

संस्था ने जनपद औरैया में 59 युवाओं को विषेश आलम्पिक द्वारा दो दिवसीय कोच प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया एवं 34 विकलांग बच्चों को सुन्दर सिंह इण्टर कालेज रामगढ में बच्चों को क्रिकेट, बॉलीबाल वोची तथा 25 मीटर की दौड प्रतियोगिता करायी गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वालों को पमाण पत्र व मॉडल प्रदान किया गया

**11– योगा कार्यक्रमः–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड भाग्यनगर के ग्राम केंजरी में विश्व योगा दिवस पर योगा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योगा शिक्षिका श्रीमती संजना यादव, धने  वर सिंह ने 35 पुरूश तथा 14 महिलाओं को योगा का प्रशिक्षण दिया। योगा से होने वाले लाभों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कई पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**12– सडक सुरक्षा कार्यक्रमः–**

संस्था द्वारा जनपद औरैया के तिलक इण्टर कालेज औरैया में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं पी0टी0ए0 अधिकारी रिहाना बेगम के साथ स्कूली बच्चों को एक दिवसोय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सडक सुरक्षा के सिग्नल, हैलमेट, सीट बेल्ट, बायीं ओर चलना, वाहन सम्बन्धी समस्त कागजात रखने तथा वाहन चलाने की गति सीमा आदि विशयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

**13– उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमः–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड विधूना में एक दिवसीय जागरूकता का आयोजन किया गया। जिसमें 162 पुरूश, 75 महिलाओं को कोई वस्तु खरीदने पर बिल बाउचर लेने, सामान की गुणवत्ता परखने आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था सचिव सत्यवीर सिंह तथा संस्था उपाध्यक्ष श्री रामआसरे सिंह एडवोकेट, विषेश शिक्षक देवानन्द सिंह, बृजेश कुमार, राजू यादव आदि ने सभी उपभोक्ताओं को विस्तृत जानकारी दी।

**14– कोविड–19 जागरूकता कार्यक्रमः–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड ऐरवाकटरा में गरीब तथा प्रवासी मजदूरा को संस्था द्वारा भोजन, पानी, खाद्यान्न सामग्री, फल इत्यादि वितरण किया गया तथा कोरोना जैसी महामारी से बचाव हेतु सामाजिक दूरी, मास्क, घर से बाहर न निकलने एवं शासन द्वारा निर्देशों का पालन करने की विस्तृत जानकारी दी गई तथा 15 निराश्रित दिव्यांग बच्चों के घर माह में दो बार राशन सामग्री पहुंचायी जा रही है।

















Secretary
Sansthan